Prepp
Your Personal Exams Guide

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025

## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 17/03/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** भारतीय संविधान में किस संवैधानिक संशोधन के माध्यम से उद्देशिका में 'समाजवादी' शब्द जोड़ा गया?

**Ans**
✔ A. 42वां संशोधन, 1976
✗ B. 44वां संशोधन, 1978
✗ C. 26वां संशोधन, 1971
✗ D. प्रथम संशोधन, 1951

**Q.2** दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 27 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 27 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोले जाएं, तो खाली टंकी का एक-चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

**Ans**
✔ A. 1
✗ B. 4
✗ C. 3
✗ D. 2

**Q.3** मनन बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हुए दक्षिण दिशा में 42 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 40 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 54 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह पुनः बाएँ मुड़ता है और 48 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएँ मुड़ता है, 12 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं, जब तक कि अन्यथा निर्दिष्ट न किया गया हो)

**Ans**
✗ A. 5 km, पश्चिम की ओर
✗ B. 6 km, पश्चिम की ओर
✗ C. 7 km, पूर्व की ओर
✔ D. 8 km, पूर्व की ओर

**Q.4** दो संख्याओं, X और Y, का गुणनफल 6760 है, तथा X एवं Y का महत्तम समापवर्तक (HCF) 13 है। यदि X > Y हो, तो संभावित युग्मों (X,Y) की संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ A. 4
✗ B. 1
✔ C. 2
✗ D. 3

Q.5 दो उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में, पंजीकृत मतदाताओं में से 84% ने अपना वोट डाला और डाले गए वोटों में से 20% वोट अवैध पाए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध वोटों का 58% प्राप्त हुआ और उसने 336 वोटों के अंतर से चुनाव जीत लिया। कुल कितने मतदाता पंजीकृत थे?

Ans
- ✔ A. 3125
- ✗ B. 3123
- ✗ C. 3120
- ✗ D. 3124

Q.6 यदि cot A = 3/4 है, और A एक न्यून कोण है, तो sin2A - cos3A का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 273/125
- ✔ B. 237/125
- ✗ C. 141/125
- ✗ D. 3/125

Q.7 निम्नलिखित में से किन अक्षर-समूहों द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : NQW :: LOU : %

Ans
- ✗ A. # = HKQ, % = RUL
- ✗ B. # = HKQ, % = RUO
- ✔ C. # = HKQ, % = RUA
- ✗ D. # = KKQ, % = RUA

Q.8 कश्मीर के इतिहास को दर्ज करने वाली ऐतिहासिक कृति, 'राजतरंगिनी' किसने लिखी है?

Ans
- ✗ A. कालिदास
- ✗ B. बाना
- ✔ C. कल्हण
- ✗ D. बिल्हण

Q.9 वृक्षारोपण के लिए ग्रीन क्रेडिट की गणना करने हेतु 2025 से संशोधित क्रियापद्धति के अनुसार, दावा प्रस्तुत करने से पहले कुछ प्रभावसीमाएँ आवश्यक होती हैं। पात्रता का सही युग्म कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. 5 वर्ष का जीर्णोद्धार + 60% वितान सघनता
- ✔ B. 5 वर्ष का जीर्णोद्धार + 40% वितान सघनता
- ✗ C. 3 वर्ष का जीर्णोद्धार + 30% वितान सघनता
- ✗ D. 7 वर्ष का जीर्णोद्धार + 40% वितान सघनता

Q.10 निम्नलिखित में से कौन-सा कारक ऊटी में कोयंबटूर की तुलना में गर्मियों में ठंडी का कारण बनता है, जबकि दोनों लगभग समान अक्षांश पर स्थित हैं?

Ans
- ✔ A. ऊटी अधिक ऊंचाई पर स्थित है, जिसके कारण वहां ताप कम रहता है।
- ✗ B. कोयंबटूर में वर्ष भर कम सौर विकिरण प्राप्त होता है।
- ✗ C. ऊटी उत्तर से आने वाली शीत मरूस्थल पवनों से प्रभावित होता है।
- ✗ D. ऊटी समुद्र के निकट स्थित है, जबकि कोयंबटूर अन्तर्देशी है।

Q.11 यदि a : b : c = 3 : 4 : 5 और 2a - 3b + 4c = 56 है, तो c का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 21
- ✗ B. 22
- ✔ C. 20
- ✗ D. 24

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.12 1 से 63 तक की सभी प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 32
- ✘ B. 31.5
- ✘ C. 32.5
- ✘ D. 33

Q.13 निम्नलिखित बारंबारता बंटन के लिए माध्यिका ज्ञात कीजिए।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| x | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| f | 8 | 10 | 11 | 16 | 20 | 25 | 15 | 9 | 6 |

Ans
- ✔ A. 5
- ✘ B. 6
- ✘ C. 8
- ✘ D. 4

Q.14 गैसों में संचरण करने वाली तरंगें निम्नलिखित में से कौन-सी हैं?

Ans
- ✘ A. अप्रगामी तरंगें
- ✘ B. अनुप्रस्थ तरंगें
- ✔ C. अनुदैर्ध्य तरंगें
- ✘ D. गुरुत्वीय तरंगें

Q.15 त्रिपक्षीय संघर्ष के दौरान कन्नौज पर किस राजवंश ने शासन किया?

Ans
- ✔ A. गुर्जर-प्रतिहार
- ✘ B. पाल - चोल
- ✘ C. राष्ट्रकूट
- ✘ D. चालुक्य

Q.16 प्रत्येक 12 वर्ष में आयोजित होने वाला कौन-सा उत्तर भारतीय मेला, प्रयागराज में एक प्रमुख हिंदू तीर्थयात्रा कार्यक्रम है?

Ans
- ✘ A. सूरजकुंड मेला
- ✔ B. कुंभ मेला
- ✘ C. पुष्कर मेला
- ✘ D. हेमिस उत्सव

Q.17 मंदी के दौरान किस प्रकार की राजकोषीय नीति का उपयोग किया जाना चाहिए?

Ans
- ✘ A. निष्प्रभावी राजकोषीय नीति
- ✔ B. विस्तारवादी राजकोषीय नीति
- ✘ C. संकुचनकारी राजकोषीय नीति
- ✘ D. स्थिर राजकोषीय नीति

Q.18 सात बक्से A, C, G, H, J, N और R एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। N के नीचे केवल तीन बक्से रखे गए हैं। N और J के बीच केवल दो बक्से रखे गए हैं। H के ठीक ऊपर केवल G रखा गया है। C, R के नीचे किसी स्थान पर और A के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। C के ऊपर कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans
- ✘ A. 3
- ✔ B. 4
- ✘ C. 1
- ✘ D. 2

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.19 1 फरवरी, 2025 तक की स्थिति के अनुसार, भारत में कितने प्रतिशत ग्रामीण घरों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल से जल के कनेक्शन उपलब्ध कराए गए थे?

Ans
- ✔ A. 79.74%
- ✗ B. 69.34%
- ✗ C. 92.67%
- ✗ D. 84.15%

Q.20 तीन संख्याओं का अनुपात 3 : 5 : 7 है। यदि सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्याओं का योगफल 60 है, तो तीनों संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 90
- ✗ B. 100
- ✗ C. 120
- ✗ D. 70

Q.21 (-9) - (-56) ÷ (-14) + (-3) × 8 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. -37
- ✗ B. -40
- ✗ C. -39
- ✗ D. -36

Q.22 P किसी वस्तु को Q को 70% लाभ पर बेचता है। Q उसी वस्तु को R को 67% हानि पर बेचता है। यदि R ने वस्तु के लिए ₹3927 का भुगतान किया, तो P द्वारा वस्तु को किस मूल्य (₹ में) पर खरीदा गया था?

Ans
- ✗ A. 6997
- ✗ B. 7003
- ✔ C. 7000
- ✗ D. 6998

Q.23 कोई धनराशि साधारण ब्याज पर किस वार्षिक दर (प्रतिशत में, दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) से 15 वर्षों में स्वयं की 5 गुनी हो जाएगी?

Ans
- ✗ A. 53.34
- ✗ B. 28.67
- ✔ C. 26.67
- ✗ D. 24.67

Q.24 भारतीय संविधान के अनुच्छेद __________ के अनुसार, संविधान (69वाँ संशोधन) अधिनियम, 1991 के लागू होने की तिथि से दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली कहा जाएगा।

Ans
- ✗ A. 239AD
- ✗ B. 239AC
- ✔ C. 239AA
- ✗ D. 239AB

Q.25 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

19 20 28 55 119 ?

Ans
- ✗ A. 245
- ✗ B. 144
- ✗ C. 142
- ✔ D. 244

**Q.26** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'ROAD' को '9416' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है तथा 'DORM' को '3691' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' का कूट क्या है?

**Ans**
- ✗ A. 1
- ✗ B. 6
- ✓ C. 3
- ✗ D. 9

**Q.27** निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$\frac{(525\times525\times525)+(321\times321\times321)}{(525\times525)-(525\times321)+(321\times321)}\times\frac{1}{(96-36)}$$

**Ans**
- ✗ A. 13.1
- ✓ B. 14.1
- ✗ C. 12.5
- ✗ D. 15.9

**Q.28** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको यह निर्धारित करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ चींटियाँ, छिपकलियाँ हैं।
सभी छिपकलियाँ, मकड़ी हैं।
कोई भी मकड़ी, चूहा नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ चूहे, छिपकलियाँ हैं।
(II) कुछ मकड़ी, चींटियाँ हैं।

**Ans**
- ✓ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ C. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

**Q.29** यदि $\alpha$ समीकरण $2x(2x+1)=1$ का एक मूल है, तो दूसरा मूल क्या होगा?

**Ans**
- ✗ A. $3\alpha(\alpha+1)$
- ✗ B. $2\alpha(\alpha-1)$
- ✓ C. $-\frac{1}{4\alpha}$
- ✗ D. $-\alpha(\alpha+1)$

**Q.30** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✓ A. BD-EH
- ✗ B. JL-MO
- ✗ C. LN-OQ
- ✗ D. NP-QS

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.31 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

EGE 85 DFD 90 CEC 95 BDB 100 ?

Ans
- ✗ A. ADZ 105
- ✓ B. ACA 105
- ✗ C. ABD 104
- ✗ D. ABZ 104

Q.32 भारत के पश्चिमी तटीय मैदान के दक्षिणी विस्तार को क्या कहा जाता है?

Ans
- ✓ A. मालाबार तट
- ✗ B. कोरोमंडल तट
- ✗ C. कन्नड़ तट
- ✗ D. कोंकण तट

Q.33 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएँ) O N & # K € S * P # £ * G I & * @ I A * @ © (दाएँ)

ऐसे कितने अक्षर हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 5
- ✓ C. 3
- ✗ D. 4

Q.34 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 में निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य उल्लिखित है?

Ans
- ✗ A. समान न्याय सुनिश्चित करना और निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना
- ✗ B. कृषि और पशुपालन का संगठन करना
- ✓ C. पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन को बढ़ावा देना
- ✗ D. ग्राम पंचायतों का संगठन करना

Q.35 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। Q से पहले केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा होती है। V के बाद केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा होती है। S और Q के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा होती है। P की परीक्षा T से ठीक पहले होती है लेकिन सोमवार को नहीं होती है। R की परीक्षा मंगलवार को नहीं होती है। R और T के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा होती है?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. दो
- ✓ C. चार
- ✗ D. एक

Q.36 यदि संख्या 21673458 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंक का गुणनफल क्या होगा?

Ans
- ✓ A. 8
- ✗ B. 16
- ✗ C. 9
- ✗ D. 0

Q.37 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त की गई हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में वर्णित संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3 + 7 नहीं हो सकती है, क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है)

15 – 225 – 235 – 195
9 – 81 – 91 – 51

Ans
✗ A. 8 – 64 – 74 – 104
✗ B. 16 – 256 – 276 – 246
✗ C. 10 – 100 – 110 – 90
✓ D. 18 – 324 – 334 – 294

Q.38 नवंबर 2025 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारत की कुल स्थापित विद्युत क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन विद्युत का योगदान कितना प्रतिशत है?

Ans
✗ A. 60.0%
✗ B. 40.2%
✗ C. 45.8%
✓ D. 51.5%

Q.39 निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य/केंद्र शासित प्रदेश, अफगानिस्तान के साथ सीमा साझा करता है?

Ans
✗ A. राजस्थान
✗ B. जम्मू और कश्मीर
✗ C. पंजाब
✓ D. लद्दाख

Q.40 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तर्क के अनुसार, TN 13 का संबंध WR 16 से है। इसी प्रकार, KE 18 का संबंध NI 21 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए VP 26 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✗ A. XU 28
✓ B. YT 29
✗ C. XY 28
✗ D. YV 29

Q.41 भारत में मंत्रिमंडल मंत्रियों की भूमिका के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
✗ A. ये केवल अन्य मंत्रियों को उनके कार्यों (duties) में सहायता करते हैं।
✗ B. ये मंत्रिमंडल की बैठकों में भाग नहीं लेते हैं।
✗ C. ये नीतिगत निर्णयों में शामिल नहीं होते हैं।
✓ D. ये गृह, रक्षा और वित्त जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों के प्रमुख होते हैं।

Q.42 24 cm व्यास वाले तांबे के गोले को पिघलाकर 4 mm व्यास का तार बनाया जाता है। तार की लंबाई (मीटर में) कितनी है?

Ans
✗ A. 580
✗ B. 456
✗ C. 480
✓ D. 576

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.43 नागरिकता अधिनियम, 1955 के तहत, जब कोई नया क्षेत्र भारत का हिस्सा बनता है, तो कौन-सी धारा नागरिकता की स्वीकृति का प्रबंध करती है?

Ans
- ✔ A. धारा 7
- ✘ B. धारा 5
- ✘ C. धारा 9
- ✘ D. धारा 6

Q.44 महेश के पास ₹1407 हैं। वह इस धनराशि को अपने दो पुत्रों, विजय और अजय के बीच बाँट देता है और उन्हें अपने-अपने हिस्से को वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश करने के लिए कहता है। यह देखा गया है कि 17 वर्षों के बाद विजय के निवेश का मिश्रधन, 18 वर्षों के बाद अजय के निवेश के मिश्रधन के बराबर है। महेश ने अजय को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
- ✘ A. 837
- ✘ B. 520
- ✘ C. 737
- ✔ D. 670

Q.45 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
64 62 59 54 47 ?

Ans
- ✘ A. 34
- ✔ B. 36
- ✘ C. 38
- ✘ D. 32

Q.46 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) T O @ $ J $ S € M L I * N G © Y & T P £ Y T (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
- ✘ A. 4
- ✘ B. 2
- ✘ C. 3
- ✔ D. 1

Q.47 डेस्कटॉप पर एक फ़ाइल को सेलेक्ट किया गया है। डिलीट-की दबाने से मुख्य रूप से क्या होगा?

Ans
- ✘ A. फ़ाइल कॉपी हो जाएगी
- ✘ B. फ़ाइल का नाम बदल जाएगा
- ✘ C. फ़ाइल ओपन हो जाएगी
- ✔ D. फ़ाइल रिमूव हो जाएगी

Q.48 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्क पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
सभी संतरे, सेब हैं। कोई भी सेब, केला नहीं है। कोई भी केला, कीवी नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई भी संतरा, केला नहीं है।
(II) कोई भी सेब, कीवी नहीं है।

Ans
- ✘ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✘ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✔ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✘ D. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.49 एक निश्चित कूट भाषा में, 'WAND' को '1846' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'GNAW' को '4165' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'G' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 4
- ✓ B. 5
- ✗ C. 1
- ✗ D. 6

Q.50 दिसंबर 2025 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री जन-धन योजना (PMJDY) के तहत, पात्र खाताधारक ____________ तक ओवरड्राफ्ट सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

Ans
- ✗ A. ₹8,000
- ✗ B. ₹5,000
- ✓ C. ₹10,000
- ✗ D. ₹15,000

Q.51 संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2025 में आयोजित कौन-सा कार्यक्रम इस बात पर प्रकाश डालता है कि सदस्य देश मानवाधिकार, पर्यावरण, दंड कानून और समुद्री कानून सहित अन्य क्षेत्रों में विभिन्न बहुपक्षीय संधियों की पुष्टि करना जारी रखे हुए हैं?

Ans
- ✓ A. 2025 संधि कार्यक्रम
- ✗ B. संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन
- ✗ C. संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता शिखर सम्मेलन
- ✗ D. पेरिस जलवायु शिखर सम्मेलन

Q.52 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।
A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?
(I) D, F के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। A और E का निकटतम पड़ोसी C है।
(II) B, F के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। C, F के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

Ans
- ✗ A. प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ B. प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ C. प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II, दोनों एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) पर्याप्त हैं।
- ✓ D. प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त नहीं हैं।

Q.53 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(336, 216, 156)
(379, 259, 199)

Ans
- ✗ A. (449, 329, 249)
- ✓ B. (412, 292, 232)
- ✗ C. (394, 264, 204)
- ✗ D. (432, 332, 252)

Q.54 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है 'A, B का पुत्र है',
A # B का अर्थ है 'A, B की बहन है',
A + B का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है 'A, B का पिता है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'E % R # D + N @ B' है, तो E का B से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पत्नी का भाई
- ✓ B. पुत्र की पत्नी का पिता
- ✗ C. पत्नी का पिता
- ✗ D. पुत्र की पत्नी का भाई

Q.55 भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के प्रारंभिक चरण के दौरान नरमपंथियों द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी पद्धति को विशेष रूप से अपनाया गया था?

Ans
- ✗ A. स्वदेशी आंदोलन
- ✗ B. विदेशी वस्तुओं और संस्थानों का बहिष्कार
- ✓ C. संवैधानिक सुधार
- ✗ D. वैदिक शिक्षा का प्रचार-प्रसार

Q.56 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

PMO 51 SPR 46 VSU 41 YVX 36 ?

Ans
- ✗ A. BXZ 30
- ✓ B. BYA 31
- ✗ C. BJS 30
- ✗ D. BZZ 31

Q.57 A और B, जब अकेले-अकेले कार्य करते हैं, तो एक कार्य को क्रमशः 20 दिन और 25 दिन में पूरा कर सकते हैं। प्रत्येक एकांतर दिनों पर कार्य करते हैं, A और B क्रमशः पहले दिन और दूसरे दिन से कार्य शुरू करते हैं। उन्हें कार्य पूरा करने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. $22$ दिन
- ✗ B. $11$ दिन
- ✗ C. $23$ दिन
- ✓ D. $22\frac{1}{5}$ दिन

Q.58 मुक्त पतन (Free fall) किस प्रकार की गति से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. आवर्त गति
- ✓ B. एकसमान रूप से त्वरित गति
- ✗ C. एकसमान गति
- ✗ D. असमान गति

Q.59 एक महिला ने 90 min के लिए 20 m/min की चाल से और 66 min के लिए 72 m/min की चाल से यात्रा की। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (m/min में) कितनी है?

Ans
- ✗ A. 46
- ✗ B. 35
- ✓ C. 42
- ✗ D. 48

Q.60 नवंबर 2025 में घोषित ACITI पार्टनरशिप का गठन किन तीन देशों ने किया?

Ans
- ✗ A. भारत, UK, ऑस्ट्रेलिया
- ✓ B. भारत, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा
- ✗ C. कनाडा, USA, भारत
- ✗ D. ऑस्ट्रेलिया, जापान, कनाडा

**Q.61** निम्नलिखित में से किस एथलीट ने, 15 सितंबर को वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप टोक्यो 2025 में महिलाओं की 100 m बाधा-दौड़ (hurdles) में स्वर्ण पदक प्राप्त किया?

**Ans**
- ✔ A. दिताजी कामबुंडजी (Ditaji Kambundji)
- ✘ B. टोबी अमूसन (Tobi Amusan)
- ✘ C. ग्रेस स्टार्क (Grace Stark)
- ✘ D. मसाई रसेल (Masai Russell)

**Q.62** विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम (Windows OS) का कौन-सा मुख्य घटक मेमोरी प्रबंधन और प्रोसेस शेड्यूलिंग (process scheduling) जैसे निम्न-स्तरीय कार्यों को संभालने के लिए उत्तरदायी है?

**Ans**
- ✘ A. विंडोज एक्सप्लोरर (Windows Explorer)
- ✘ B. सर्विस कंट्रोल मैनेजर (Service Control Manager)
- ✘ C. टास्क शेड्यूलर (Task Scheduler)
- ✔ D. विंडोज कर्नेल (Windows Kernel)

**Q.63** (-9) - (-60) ÷ (-6) + (-2) × 8 का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. -34
- ✘ B. -37
- ✔ C. -35
- ✘ D. -38

**Q.64** चरमपंथी चरण के दौरान बाल गंगाधर तिलक ने निम्नलिखित में से किस सिद्धांत पर सर्वाधिक जोर दिया था?

**Ans**
- ✘ A. ब्रिटिश के विरुद्ध पूर्ण सशस्त्र क्रांति
- ✘ B. आर्थिक सुधारों पर विशेष ध्यान
- ✘ C. सांप्रदायिक प्रतिनिधित्व के लिए सपोर्ट
- ✔ D. स्वराज प्रत्येक भारतीय का जन्मसिद्ध अधिकार

**Q.65** U.S. के किस राज्य में भूमध्यसागरीय जलवायु पाई जाती है, जो फलों, सब्जियों और अंगूर के बागानों (Vineyards) की खेती के लिए अनुकूल है?

**Ans**
- ✘ A. अलास्का
- ✘ B. फ्लोरिडा
- ✘ C. टेक्सास
- ✔ D. कैलिफोर्निया

**Q.66** एक दुकानदार अपनी वस्तुओं को 25% हानि पर बेचने का दावा करता है, लेकिन वह सदोष तुला का उपयोग करके 70% का लाभ अर्जित करता है। 1 kg के स्थान पर वह कितने वास्तविक वजन (एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) का उपयोग करता है?

**Ans**
- ✔ A. 441.2 gm
- ✘ B. 443.3 gm
- ✘ C. 436.4 gm
- ✘ D. 438.1 gm

**Q.67** A, B की पत्नी है। B, C का पिता है। D, C का भाई है। E, D का पुत्र है। A का E से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✘ A. पति की पत्नी
- ✘ B. माता
- ✘ C. माता की माता
- ✔ D. पिता की माता

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.68 भारत में केंद्र-राज्य के वित्तीय संबंध, शासन व्यवस्था को किस प्रकार प्रभावित करते हैं?

Ans
- ✗ A. राज्यों को असीमित वित्तीय संसाधन प्रदान करके
- ✓ B. वित्त आयोग जैसे तंत्रों के माध्यम से, जो संसाधनों का आवंटन करते हैं
- ✗ C. केंद्र में सभी कर राजस्व को केंद्रीकृत करके
- ✗ D. राज्य के बजट की आवश्यकता को समाप्त करके

Q.69 एक व्यक्ति ने पहले वस्तु के अंकित मूल्य पर d% की छूट देकर और फिर पहली छूट के बराबर छूट (₹ में) की एक और छूट देकर किसी वस्तु को ₹132 में बेचा। यदि वस्तु का अंकित मूल्य ₹880 है, तो d का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 42.5
- ✗ B. 37.3
- ✗ C. 46
- ✗ D. 39.5

Q.70 यदि एक 7 अंकों की संख्या 54468A0, संख्या 4 से पूर्णतः विभाज्य है, तो A का न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 3
- ✗ C. 5
- ✓ D. 0

Q.71 तेजस्वी, त्रिशाना और मीना तीन बहनें हैं। तेजस्वी और त्रिशाना जुड़वाँ हैं। तेजस्वी और त्रिशाना की आयु का योगफल, मीना की आयु के बराबर है। चार वर्ष पूर्व, तेजस्वी और मीना की आयु का अनुपात 1 : 3 था। वर्तमान से चार वर्ष पश्चात त्रिशाना की आयु क्या होगी?

Ans
- ✓ A. 12 वर्ष
- ✗ B. 16 वर्ष
- ✗ C. 14 वर्ष
- ✗ D. 18 वर्ष

Q.72 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त की गई हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में वर्णित संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3 + 7 नहीं हो सकती है, क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है)

157 – 162 – 172 – 86
93 – 98 – 108 – 54

Ans
- ✓ A. 185 – 190 – 200 – 100
- ✗ B. 65 – 70 – 80 – 160
- ✗ C. 98 – 103 – 113 – 133
- ✗ D. 112 – 116 – 126 – 63

Q.73 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएँ) 194 582 419 149 825 (दाएँ)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 12
- ✓ C. 9
- ✗ D. 8

Q.74 समूह A में 12 सदस्य, समूह B में 73 सदस्य और समूह C में 80 सदस्य हैं। इन समूहों के सभी सदस्य एक रेस्टोरेंट में गए। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य पर खर्च की गई औसत राशि क्रमशः ₹184, ₹234 और ₹390 है। प्रति सदस्य खर्च की गई कुल औसत राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 311
- ✗ B. 305
- ✓ C. 306
- ✗ D. 308

Q.75 सात व्यक्ति B, C, D, O, P, Q और R एक गोल मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर P बैठा है। Q के दाईं ओर से गणना करने पर, Q और B के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। O के बाईं ओर से गणना करने पर, O और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, O का निकटतम पड़ोसी है। R के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✓ A. P
- ✗ B. C
- ✗ C. O
- ✗ D. D

Q.76 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D, A के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। D के बाएँ से गिनती करने पर D और G के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। F के दाएँ से गिनती करने पर A और F के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E, B के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। D के दाएँ से गिनती करने पर D और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. 2
- ✓ B. 4
- ✗ C. 1
- ✗ D. 3

Q.77 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य ने 2001 और 2011 के बीच ऋणात्मक दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर दर्शाई?

Ans
- ✓ A. नागालैंड
- ✗ B. गुजरात
- ✗ C. पंजाब
- ✗ D. केरल

Q.78 यदि निम्नलिखित आंकड़े का माध्य 35 है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 42 | 26 | 45 | 46 | X |

Ans
- ✓ A. 32
- ✗ B. 34
- ✗ C. 28
- ✗ D. 26

Q.79 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : NMH :: VUP : %

Ans
- ✗ A. # = SVC % = OIK
- ✗ B. # = IBM % = QKL
- ✓ C. # = SRM % = QPK
- ✗ D. # = SRO % = ZPK

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.80 एक गाँव की जनसंख्या 2,90,000 थी। पहले वर्ष में इसमें 10% की वृद्धि हुई और दूसरे वर्ष में 20% की वृद्धि हुई। दो वर्षों के बाद इसकी जनसंख्या _______ होगी।

Ans
- ✗ A. 3,19,000
- ✓ B. 3,82,800
- ✗ C. 3,48,000
- ✗ D. 3,77,000

Q.81 ₹7770 को A, B, C और D में इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि A और B, B और C, तथा C और D के हिस्से क्रमशः 2 : 3, 4 : 5, और 6 : 7 के अनुपात में हैं। A का हिस्सा (₹ में) कितना है?

Ans
- ✗ A. 1124
- ✓ B. 1184
- ✗ C. 1224
- ✗ D. 1154

Q.82 जुलाई-सितंबर 2025 के दौरान ग्रामीण कृषि क्षेत्र में श्रमिकों के शेयर में वृद्धि क्यों हुई?

Ans
- ✗ A. विनिर्माण जॉब में गिरावट के कारण
- ✗ B. शहरी प्रवास के कारण
- ✓ C. खरिफ कृषि कार्यों के कारण
- ✗ D. नई सरकारी योजनाओं के कारण

Q.83 हेडफ़ोन निम्नलिखित में से किस श्रेणी के अंतर्गत आते हैं?

Ans
- ✓ A. आउटपुट डिवाइस (Output Device)
- ✗ B. कैलकुलेटर डिवाइस (Calculator Device)
- ✗ C. स्टोरेज डिवाइस (Storage Device)
- ✗ D. इनपुट डिवाइस (Input Device)

Q.84 भारत में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बाद किसे रंगून निर्वासित किया गया था?

Ans
- ✗ A. नाना साहब
- ✗ B. रानी लक्ष्मीबाई
- ✓ C. बहादुर शाह जफर
- ✗ D. अहमदुल्लाह शाह

Q.85 मेंडल (Mendel) का कौन-सा नियम, युग्मक निर्माण के दौरान युग्मविकल्पी (allele) के पृथक्करण की व्याख्या करता है?

Ans
- ✗ A. प्रभाविता नियम (Law of Dominance)
- ✗ B. अपव्यूहन का नियम (Law of Assortment)
- ✗ C. विविधता का नियम (Law of Variation)
- ✓ D. विसंयोजन नियम (Law of Segregation)

Q.86 निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र, हड़प्पा सभ्यता के लिए ताम्र के प्रमुख स्रोतों में से एक था?

Ans
- ✓ A. राजस्थान
- ✗ B. महाराष्ट्र
- ✗ C. बिहार
- ✗ D. अफगानिस्तान

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.87 सात डिब्बे A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। A के नीचे केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। E और A के बीच में केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। F, B के ठीक ऊपर रखा गया है। D, G के ऊपर लेकिन A के नीचे रखा गया है।

C के नीचे लेकिन B के ऊपर कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
- ✔ A. दो
- ✘ B. चार
- ✘ C. पांच
- ✘ D. तीन

Q.88 निम्नलिखित में से कौन-सा कस्टमाइज सॉफ्टवेयर का उदाहरण है?

Ans
- ✘ A. एडोब फ़ोटोशॉप सॉफ्टवेयर (Adobe Photoshop Software)
- ✔ B. स्कूल मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर (School Management Software)
- ✘ C. लिब्रेऑफ़िस कैल्क (LibreOffice Calc)
- ✘ D. मोज़िला फ़ायरफ़ॉक्स एप्लीकेशन (Mozilla Firefox Application)

Q.89 A और B, 900 m लंबे एक वृत्तीय ट्रैक पर दौड़ना शुरू करते हैं। A की चाल 225 m/min और B की चाल 180 m/min है। प्रत्येक बार जब A, B से आगे निकलता है, तो दोनों अपनी चाल को 5% कम कर लेते हैं और फिर दौड़ना जारी रखते हैं। कितने मिनट बाद (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) A तीसरी बार B से आगे निकलेगा?

Ans
- ✘ A. 62.11 मिनट
- ✘ B. 64.21 मिनट
- ✔ C. 63.21 मिनट
- ✘ D. 64.41 मिनट

Q.90 2025 में भारतीय वायु सेना (IAF) की 93वीं वर्षगांठ के अवसर के संदर्भ में, मुख्य समारोह परेड कहाँ आयोजित की गई थी?

Ans
- ✘ A. दिल्ली कैंनटॉनमेंट
- ✘ B. गुवाहाटी
- ✔ C. एयर फ़ोर्स स्टेशन हिंडन, गाजियाबाद
- ✘ D. बेंगलुरु (HAL कॉम्प्लेक्स)


Q.91 बैरन द्वीप, जिसमें 2025 में दो ज्वालामुखी विस्फोट हुए थे, भारत के किस केंद्र शासित प्रदेश में स्थित है?

Ans
- ✔ A. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
- ✘ B. लक्षद्वीप
- ✘ C. दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव
- ✘ D. पुदुचेरी

Q.92 यदि संख्या 4813576 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंकों के बीच अंतर कितना होगा?

Ans
- ✔ A. 6
- ✘ B. 5
- ✘ C. 8
- ✘ D. 7

**Q.93** दी गई आकृति में, रेखाएँ AO और DE समांतर हैं। x का मान ज्ञात कीजिए।




Ans
- ✗ A. $145°$
- ✗ B. $100°$
- ✓ C. $35°$
- ✗ D. $45°$


**Q.94** अगस्त 2025 में घोषित, किस मिशन का लक्ष्य भारत को बहुस्तरीय स्वदेशी वायु और मिसाइल रक्षा प्रणाली प्रदान करना है?

Ans
- ✗ A. अग्नि रक्षा पहल
- ✗ B. एकीकृत वायु रक्षा मिशन
- ✗ C. मिशन शक्ति
- ✓ D. मिशन सुदर्शन चक्र

**Q.95** प्रारंभिक बौद्ध साहित्य के अनुसार, राजा बिम्बिसार के शासनकाल के दौरान मगध राज्य में कितने गामा (गाँव) विद्यमान थे?

Ans
- ✗ A. 60,000
- ✓ B. 80,000
- ✗ C. 40,000
- ✗ D. 1,00,000

**Q.96** दी गई आकृति में, यदि $u \parallel v$, $t_1 \parallel t_2$ और $\angle A = 92°$ है, तो $\angle D$ ज्ञात कीजिए।




Ans
- ✗ A. 82o
- ✗ B. 92o
- ✗ C. 78o
- ✓ D. 88o

**Q.97** आर्द्र वायु के संपर्क में आने वाली आयरन की वस्तुओं पर बनने वाले रक्ताभ-भूरे विलेपन का प्राथमिक घटक कौन-सा पदार्थ है?

Ans
- ✓ A. हाइड्रेटेड आयरन (III) ऑक्साइड ($Fe_2O_3 \cdot xH_2O$)
- ✗ B. आयरन सल्फेट ($FeSO_4$)
- ✗ C. आयरन (II) ऑक्साइड (FeO)
- ✗ D. आयरन (III) हाइड्रोक्साइड ($Fe(OH)_3$)

Q.98 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ A. DF-GJ
✘ B. MO-PR
✘ C. PR-SU
✘ D. HJ-KM

Q.99 एक घन का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल 324 $cm^2$ है। इसे 18 cm ऊँचाई वाले एक आयताकार पात्र में पूरी तरह से डुबोया जाता है, जिसका आधार वर्गाकार है और इसका पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल 864 $cm^2$ है। यदि घन को डुबोने से पहले पात्र आंशिक रूप से पानी से भरा था, तो घन के डूबने के बाद पानी के स्तर में हुई वृद्धि ज्ञात कीजिए।
(अपने उत्तर को निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित करें।)

Ans
✔ A. 5 cm
✘ B. 6 cm
✘ C. 4 cm
✘ D. 7 cm

Q.100 निम्नलिखित में से कौन-सा, हड़प्पा नगर-दुर्ग का एक महत्वपूर्ण घटक है?

Ans
✘ A. आवासीय गृह
✔ B. विशाल स्नानागार
✘ C. विशाल मंदिर
✘ D. भव्य महल

"